भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2031

जिसका उत्तर 11.12.2025 को दिया जाना है

बक्सर में गंगा नदी पर दो-लेन वाला पुल

2031.श्री दिनेश चंद्र यादव:
श्री गिरिधारी यादव:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

बजट 2025-26 में मद संख्या 31 में घोषित पटना-पूर्णिया एक्सप्रेसवे, बक्सर-भागलपुर एक्सप्रेसवे, बोधगया-राजगीर और वैशाली-दरभंगा सड़क संपर्क परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति सहित बक्सर में गंगा नदी पर प्रस्तावित दो-लेन वाले एक अतिरिक्त पुल की स्थिति क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति निम्नानुसार है:

(i) पटना - पूर्णिया एक्सप्रेसवे: विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) सौंप दिया गया है और संरेखण को अंतिम रूप दिया गया है।

(ii) बक्सर - भागलपुर एक्सप्रेसवे: प्रस्तावित एक्सप्रेसवे के लिए मौजूदा राजमार्ग/ग्रीनफील्ड के उन्नयन की तैयारी के लिए परामर्शदाता की नियुक्ति के लिए बोलियां आमंत्रित की गई हैं।

(iii) बोधगया - राजगीर: बोधगया से गया (पुराना एनएच-83) और गया - हिसुआ - राजगीर, एनएच-120 से 2 लेन से 4 लेन के विन्यास तक चौड़ा किया जा रहा है। इसके अलावा, बोधगया, राजगीर, वैशाली और दरभंगा के लिए अतिरिक्त स्पर्स के माध्यम से संपर्कता का पता लगाने के लिए डीपीआर तैयार करने का काम सौंप दिया गया है।

(iv) वैशाली - दरभंगा: बकरपुर माणिकपुर के बीच 4 लेन की चल रही परियोजना वैशाली को संपर्कता प्रदान करती है।

(v) बक्सर में गंगा नदी पर अतिरिक्त 2 लेन का पुल: एनएच-922 पर बक्सर में गंगा नदी पर अतिरिक्त 3 लेन के पुल के लिए परियोजना को स्वीकृति दी गई और 2.5 वर्ष की निर्माण अवधि के साथ 20.08.2025 को निर्माण कार्य शुरू किया गया।

****